हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



**2026 स्वागत..**

**महासमुंद।** 2025 का अंतिम सूर्यास्त... डूबते सूर्य को नमस्कार के साथ साल 2025 को विदाई। जनवरी से दिसंबर तक साल भर के सुख और दुख की हर बेला में 2025 साथ रहा। जो भूलने वाला नहीं रहा। इन खूबसूरत यादगार लम्हों के साथ 2025 को अलविदा कहते हैं, क्योंकि, आज से शुरुआत होने जा रही है 2026 की। साल 2026 नई संकल्पनाओं, संभावनाओं और उम्मीदों का वर्ष हो इसकी साथ नए साल का हार्दिक स्वागत..वंदन..अभिनंदन।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री शेखावत आज आएंगे सिरपुर

**महासमुंद।** भारत के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 01 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 09:30 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत 09:55 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 10:05 बजे सिरपुर हेलीपैड महासमुंद पहुंचेंगे। सिरपुर आगमन के पश्चात केंद्रीय मंत्री शेखावत सड़क मार्ग से सर्किट हाउस सिरपुर पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस में दोपहर भोज के लिए समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 01 बजे केंद्रीय मंत्री शेखावत सर्किट हाउस सिरपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 01:30 बजे भोरमदेव मंदिर के हेलीपैड कबीरधाम पहुंचेंगे।

### 25 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे सरायपाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और शराब निर्माण की सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाकर बिक्री के लिए रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। यहां एक व्यक्ति मिली, जिसने पूछताछ में अपना नाम देवप्रकाश चौहान पिता राजेंद्र चौहान (21 साल) बाराडोली होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए, एक गैस चूल्हा एवं एक नग एपी कंपनी का गैस टंकी व 6 नग शराब बनाने का छोटा-बड़ा बर्तन कीमत 8500 रुपए कुल 13500 रुपए का सामान बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# राइस मिल से रात के अंधेरे में अवैध धान तस्करी का खेल उजागर

## पिरदा धान खरीदी केंद्र में खपाने लाए गए धान को किया गया ज़ब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जिले के पिथौरा विकासखंड के धान घोटाले के लिए बहुचर्चित धान खरीदी केंद्र पिरदा में बीती रात अवैध धान तस्करी का गंभीर मामला सामने आया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 10.30 बजे लगभग बाहर से अवैध रूप से धान लाकर मंडी परिसर में उतारा जा रहा था। धान को राइस मिल के यहां से लाकर खरीदी केंद्र में खपाने की कोशिश की जा रही थी।

गांव के कोटवार द्वारा आवाज लगाने तथा नायब तहसीलदार के निर्देश के बावजूद मंडी गेट नहीं खोला गया। गेट अंदर से बंद रखा गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ललित सिंह ने साहस और तत्परता दिखाते हुए गेट का ताला तुड़वाकर जांच शुरू कराई। इस कार्रवाई में एसडीएम बजरंग सिंग वर्मा तथा बसना थाना प्रभारी के सहयोग से मौके पर जांच की गई।

अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में धान खरीदी प्रभारी रोहित पटेल एवं मंडी प्रबंधक की अहम भूमिका बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंडी के भीतर ताला बंद कर माजदा वाहन से खाली करते हुए 15 से 17 लोग मौजूद थे। जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो गेट नहीं खोला गया और कई लोग दीवार फांदकर भागते नजर आए।



### सूचना मिलते ही पहुंचा प्रशासनिक अमला

तहसीलदार और एसडीएम के अनुसार सूचना मिलते ही प्रशासनिक दल मौके पर पहुंचा। इस दौरान एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 8219, दूसरी कार सीजी 06 एचए 8702 तथा धान से भरी गाड़ी सीजी 06 जीआर 8702 मौके पर मिली। जांच में पाया गया कि यह पुराना धान था, जिसे देर रात मालती राइस मिल से लाकर खरीदी केंद्र में खपाया जा रहा था। पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर लिया है और पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी धान खरीदी केंद्र में इसी तरह के मामले का खुलासा हो चुका है, जिससे इस बार सख्त कार्रवाई के संकेत दिए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आंदोलन : फेडरेशन का तीन दिवसीय चरणबद्ध आंदोलन का समापन

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अधिकारी-कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एक प्रतीकात्मक ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व फेडरेशन कते तीन दिवसीय चरणबद्ध आंदोलन का समापन एक विशाल शक्ति प्रदर्शन के साथ हुआ। जिले के हजारों कर्मचारियों और अधिकारियों ने लोहिया चौक पर एकत्र होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।



कर्मचारियों के कड़े रुख से यह स्पष्ट हो गया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में प्रदेश का पूरा प्रशासनिक ढांचा लंबे समय के लिए ठप हो सकता है। फिलहाल, तीन दिनों तक सरकारी दफ्तरों में ताले लटके रहे, जिससे कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। धरना स्थल पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक टेकराम सेन ने सरकार की चुप्पी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग साढ़े चार लाख कर्मचारी सड़कों पर हैं, फिर भी सरकार संवाद की कोई पहल नहीं कर रही है। सेन ने इसे लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कर्मचारी विकास कार्यों में सहयोग देने को हमेशा तैयार रहते हैं, लेकिन सरकार को भी मोदी की गारंटी के तहत किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार उनकी सभी 11 मांगों को अविलंब मंजूर करे।

प्रदर्शन में दिलीप तिवारी, चिंताराम साहू, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, संदीप तिवारी और ईश्वर चंद्राकर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपनी बातें रखीं। नगर पालिका की ओर से राजेश सोनी, सिराज बक्स और अन्य नेताओं ने कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की। इस तीन दिवसीय आंदोलन में अशोक गिरि गोस्वामी, मुकेश साहू, आफरीन, रामेश्वरी साहू, लता वैष्णव और सैकड़ों अन्य पदाधिकारियों व सदस्य शामिल रहे।

### एरियर्स और महंगाई भत्ते पर नाराजगी

आंदोलन के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा महंगाई भत्ते और एरियर्स राशि को लेकर हुई। फेडरेशन के महामंत्री दिलीप तिवारी और अन्य वक्ताओं ने तीखे लहजे में कहा कि कर्मचारियों को उनका हक मांगने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी मेहनत की कमाई और एरियर्स की राशि का भुगतान रोकने का रवैया अड़ियल है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि सरकार का यह रवैया आने वाले समय में उसके लिए राजनीतिक रूप से घातक सिद्ध हो सकता है।

### शक्ति प्रदर्शन और रैली का आयोजन

दोपहर करीब 2 बजे धरना स्थल से एक विशाल रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में कर्मचारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। चूंकि कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहे, इसलिए फेडरेशन के पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम एक प्रतीकात्मक ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक पड़ाव है। 1 जनवरी को सुबह 11:00 बजे फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल विधिवत रूप से कलेक्टर से मुलाकात करेगा और विस्तार से चर्चा करते हुए अपनी मांगों का अंतिम ज्ञापन सौंपेगा।

### अनिश्चितकालीन आंदोलन की आहट

नगर पालिका और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि यह तीन दिवसीय आंदोलन केवल एक चेतावनी थी। यदि सरकार की नींद नहीं खुलती है, तो प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारी बहुत जल्द अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इस घोषणा ने प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी हैं, क्योंकि बजट सत्र और वित्तीय वर्ष के अंत से पहले इस तरह की हड़ताल सरकारी मशीनरी को पूरी तरह पंगु बना सकती है।

# सड़क निर्माण के लिए तालाब से निकाल रहे मुरुम, शिकायत

- निस्तारी तालाब से 10 हजार घन मीटर की अनुमति, अब तक 50 हजार से अधिक निकासी
- महासमुंद-तुमगांव सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय से तुमगांव मार्ग सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार कंपनी मेसर्स जेडी कंस्ट्रक्शन द्वारा ग्राम कौंदकेरा के सार्वजनिक तालाब से अवैध रूप से मुरुम की निकासी की शिकायत किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से की। श्री साहू ने आरोप लगाया कि यह सब भाजपा शासन की किसान विरोधी नीतियों का नतीजा है। जहां ठेकेदारों को खुली छूट दी जा रही है और सार्वजनिक संसाधनों का दोहन हो रहा है।

शिकायत में खुलासा किया गया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सौंपे गए इस प्रोजेक्ट के लिए कौंदकेरा तालाब से सिर्फ 10 हजार इससे तालाब की गहराई बढ़ गई। जल संग्रहण क्षमता बिगड़ गई और किसानों की सिंचाई, पेयजल तथा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था संकट में पड़ गई। श्री साहू ने कहा भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ लघु खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य को लाखों रूपए की राजस्व हानि हो रही है। लेकिन, सरकार आंखे मूंदे बैठी है। इसके अलावा, सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किए जाने के आरोप भी लगे हैं। उपयोग की जा रही सामग्री निम्न स्तर की है। सड़क की मोटाई-चौड़ाई मानमों से कम है। और कार्य की गति धीमी है। सुरक्षा उपाय जैसे साइन बोर्ड और बेरिकेडिंग तक नहीं लगाए गए।

किसान कांग्रेस ने कलेक्टर से मांग की है कि महासमुंद से तुमगांव बनने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी राजस्व और खनिज विभाग की मिली भगत की जा जांच की जाए। साथ ही ठेकेदार पर जुर्माना, रॉयल्टी चोरी का मामला दर्ज किया जाए। तालाब की मरम्मत और पूरे प्रोजेक्ट की थर्ड पार्टी जांच की मांग की है। श्री साहू ने चेतावनी दी, यदि भाजपा सरकार ने किसानों के हितों की अनदेखी की तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

## जिले के प्रमुख मंदिरों में उमड़ेगी आस्था की लहर

# नववर्ष 2026 का शंखनाद, भक्तिमय रहेगा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में नववर्ष 2026 के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की गई है। जिले में उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलने वाला है। लोग नए साल की शुरुआत पर्यटन केंद्रों के साथ देवालयों में दर्शन करना भी पसंद कर रहे हैं। जिले के प्रमुख शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का सैलाब पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने की संभावना है। बागबाहरा स्थित घुंचापाली चंडी माता मंदिर मे इस बार नववर्ष के जश्न का केंद्र होगा। मंदिर ट्रस्ट के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यहां न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा और महाराष्ट्र



से भी बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। ट्रस्ट ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन के समय में भी बदलाव किया है। सामान्य दिनों में मंदिर रात 9 बजे मंगल कर दिया जाता है, लेकिन नववर्ष के अवसर पर दर्शन के लिए पट रात 10 बजे तक खुले रहेंगे। सुबह और शाम 7:30 बजे होने वाली महाआरती आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। जिले के मंदिरों में उमड़ने वाली यह भीड़ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक है। नए साल के पहले दिन जब शंख और घंटों की गूंज के बीच माता के जयकारे लगेंगे, तो पूरा जिला भक्तिमय हो जाएगा। नए साल की शुरुआत आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ होगी जिसके लिए मंदिर प्रशासन ने जिले के सभी मेदिरों मे विशेष तैयारी की गई हैं।

### जिले के अन्य मंदिरों में भी की गई है तैयारी

जिला अपनी धार्मिक समृद्धता के लिए जाना जाता है। केवल घुंचापाली ही नहीं, बल्कि अन्य प्रमुख मंदिरों में भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं जिसमें जिले के पहाड़ी पर विराजी मां खल्लारी के दर्शन के लिए युवाओं और परिवारों की टोली सुबह से ही कतारबद्ध होगी। प्रशासन यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रहा है। एनएच-53 पर स्थित होने के कारण यहां राहगीरों और स्थानीय भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। यहां भी विशेष तैयारी की गई है। ऐतिहासिक और पुरातात्विक नगरी सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर, बम्हनी स्थित बम्हनेश्वर महादेव मंदिर एवं कनेकेरा स्थित कनेश्वर महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगेगा। भारी भीड़ को नियंत्रित व व्यवस्थित करने के लिए मंदिर कमेटियों ने कमर कस ली है। घुंचापाली मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि भक्तों को माता के दर्शन सुगमता से हों, इसके लिए बैरिकेडिंग और वॉलिंटियर्स की तैनाती की गई है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में ठहरने के इंतजाम हैं। मंदिर परिसर में 15 वातानुकूलित कमरे उपलब्ध हैं। कमरे का किराया 1000 रुपये निर्धारित किया गया है।

## नगर में भव्य दीपोत्सव का हुआ अयोजन, 24 हजार दीपों से जगमगाया शहर



**महासमुंद।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि में राम की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर बुधवार को नगर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व हिंदू समाज एवं शहरवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में त्रिमूर्ति कॉलोनी से लेकर खैरा चौक तक के डिवाइडर और ओवरब्रिज के दोनों किनारों को 24 हजार दीपों से रोशन किया गया। शाम 5 बजे शुरू हुए इस प्रज्ज्वलन कार्यक्रम ने पूरे शहर को दीपावली जैसा स्वरूप दे दिया। इस भव्य दीपोत्सव के पश्चात शाम को कचहरी चौक स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर धर्मलाभ उठाया।

## खबर संक्षेप



### खरोरा के राम मंदिर में की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** अयोध्या के राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम खरोरा के राममंदिर में भगवान राम की पूजा अर्चना महिलाओं ने की। इस साल प्राण प्रतिष्ठा दिवस 31 दिसंबर 2025 को श्रद्धा, भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। अयोध्या के श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को हुई थी।

### जिले में दिव्यांगजनों की मांगी गई जानकारी

**महासमुंद।** राज्य स्तर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर प्रदान किए जाने की योजना के अंतर्गत जिले से ऐसे दिव्यांगजनों की जानकारी मांगी गई है, जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह ने बताया कि योजना अंतर्गत जिले के वे सभी दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम हाथ अथवा कृत्रिम पैर की आवश्यकता है, वे जिला कार्यालय समाज कल्याण में अपनी जानकारी दर्ज कराते हुए उपकरण प्राप्त कर पाएंगे।

धर्म कर्म : कृष्ण-सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

# श्रीमद्भागवत महोत्सव के सातवें दिन कृष्ण-सुदामा चरित्र वर्णन में श्रद्धालुजनों की आंखें हुईं नम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

- कृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है

ग्राम बिरकोनी में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन कथाव्यास आचार्य पंडित दीपक शर्मा ने प्रद्युम्न जन्म, उषा अनिरुद्ध विवाह, सुदामा चरित्र के कथा का सुंदर प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाया। आचार्य शर्मा ने अपने प्रसंग में प्रद्युम्न के जन्म का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न का जन्म हुआ तो द्वारिका नगरी में उत्सव था। इसी बीच जरासंध के इशारे पर शंबासुर प्रद्युम्न को उठा ले गया और समुद्र में फेंक दिया। समुद्र के अंदर एक मछली ने मुंह खोला वैसे ही प्रद्युम्न उसके मुंह में प्रवेश कर उदरस्थ हो गए। उस मछली को एक मछवारे ने पकड़ा और फिर उसे शंबासुर को भेंट कर दिया। शंबरासुर के रसोइये ने जब मछली को काटा तो उसके अंदर से प्रद्युम्न बाहर निकल आए। यह देखकर शंबासुर ने प्रद्युम्न को विद्यावती नामक सेविका को दे दिया। विद्यावती जो कि पूर्व जन्म में कामदेव की पत्नी रति थी, ने प्रद्युम्न को बेटे की तरह पालने लगी। बाद में देवर्षि नारद ने उसे बताया कि जिसे तुम बेटा बनाकर पाल रही हो वह तुम्हारा पूर्व जन्म का पति कामदेव है। प्रद्युम्न बड़े होने पर विद्यावती के साथ द्वारिका पहुंचे। जब प्रद्युम्न बड़े हुए, तो उन्होंने शंबरासुर को चुनौती दी और मायावी विद्याओं से उसका वध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान भक्त की कब आकर रक्षा करते है, पता ही नहीं चलता। 84 लाख योनियों में सिर्फ मनुष्य ही ऐसा जीव है जो प्रेम प्रकट कर सकता है। बिना प्रेम के ठाकुरजी नहीं मिल सकते हैं। अच्छा काम करने वालों पर अक्सर लोग टीका टिप्पणी करते ही हैं। हमें बिना सत्य जाने किसी पर भी आरोप नहीं लगाना चाहिए।

भगवान कृष्णी के पोते अनिरुद्ध और असुरराज वाणासुर की पुत्री उषा की कथा सुनाई। उषा ने सपने में अनिरुद्ध को देखा और उन्हेंक प्रेम हो गया। वाणासुर ने भगवान शंकर की कठिन तपस्यार कर उनसे वरदान में अपार बल और सहस्त्रदबाहु प्राप्त किया था। इससे वाणासुर को बहुत अहंकार हो गया। एक दिन वह भगवान शंकर को ही युद्ध के लिए ललकारने लगा। भगवान शंकर को क्रोध आ गया।


उन्होंने कहा कि तेरे अहंकार को चूर-चूर करने वाला पैदा हो चुका है। जब तेरे महल की ध्व्जा गिर जाए तो समझ लेना कि तेरा शत्रु आ चुका है। अनिरुद्ध भी उषा के सौंदर्य पर मोहित हो गए थे। तभी वाणासुर ने महल का ध्व ज गिरा देखा। असुरराज को संदेह हुआ कि जो कोई मेरे महल में आया है, वही मेरे विनाश करेगा। यही सोचकर युद्ध के लिए अस्त्रज-शस्त्रज के साथ वाणासुर महल में पहुंचा और शिवजी के समझाने पर भी वाणासुर नहीं माना और श्रीकृष्ण से युद्ध करने तैयार हो गया। श्रीकृष्ण ने सहस्त्रबाहु की चार भुजाओं को छोड़कर सभी भुजाओं को काट दिया। वाणासुर को समझ में आ गया कि श्रीकृष्ण वास्तव में परमेश्वर हैं और शरण में आकर क्षमा मांगने लगा। कृष्ण ने वाणासुर को क्षमा दान देकर अनिरूद्ध और उषा का विवाह करवाने का आदेश दिया। विवाह के बाद श्रीकृष्ण अपने पोते और बहू को लेकर द्वारिका आ गए।





**कृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है**

कथा में बताया कि कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता हैं। सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। कृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। उन्होंने कहा कि सुदामा की गरीबी उनके भक्ति मार्ग में कभी बाधा नहीं बनी। सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम ही वह धागा है जिससे ईश्वर को बांधा जा सकता है। आज समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सुदामा के संतोष और कृष्ण की उदारता से प्रेरणा लेनी चाहिए। कृष्ण सुदामा मिलन की सुंदर झांकी के साथ प्रस्तुत किया। वहीं गीत पर भक्त झूमने लगे। पूरा पंडाल जय श्री कृष्णा के जयकारों से गूंज उठा। प्रातः 7 बजे भजन कीर्तन के साथ भागवत महापुराण की महाआरती श्रद्धालुओं ने की। इस अवसर पर आयोजक चंदन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पदमनी चंद्राकर, रीनू चंद्राकर, बबली चंद्राकर, गुलाब कन्नौजे, बलराम पटेल, भूपेश निषाद, गणेश चंद्राकर सहित ग्राम उपस्थित रहे।



### दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** अंग्रेजी भाषा कौशल प्रशिक्षण अकादमी एशिया (भारत) (ईएलएसटीए), ई -लर्निंग प्लेटफार्म द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय सॉफ्ट स्किल्स एंड स्पोकन इंग्लिश इन करियर डेवलपमेंट रहा। संगोष्ठी के दो सत्रों में पॉजिटिव एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स, वर्क एथिक्स बनाए रखना, टीमवर्क की क्षमताएं, और टाइम मैनेजमेंट स्किल्स करियर की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं, आदि सभी पक्षों पर चर्चा हुई। प्रथम सत्र के स्पीकर डॉ. गरिमा दीवान गेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर इंग्लिश शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज ने अपने व्याख्यान में बताया कि अच्छी इंग्लिश के साथ सॉफ्ट स्किल्स हों तो संवाद और भी प्रभावी बनता है। सॉफ्ट स्किल्स पर्सनैलिटी को मजबूत बनाती हैं। स्पोकन इंग्लिश आपकी बात को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाती है। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में बडी संख्या में प्रदेशभर के महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**बाबा ने सत्य और अहिंसा का दिखाया मार्गः त्रिभुवन**

### खैरझिटी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व नपा उपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के ग्राम आगमन पर बाजे-गाजे के साथ व पटाखे चलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जैतखाम में पालो चढ़ाकर व पूजा अर्चना व पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जाति-पाति, ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया। सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हुए मानवता को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ की पावन भूमि गिरौदपुरी में अवतरित बाबा गुरु घासीदास का दर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। इस दौरान नथमल कुर्रे, रामजी कोसले, परदेशी डहरिया, रामबगस कोसले, हरिराम टंडन, राम कुमार टंडन, सम्मय मनहरे, टिकेलाल जलक्षत्री (उपसरपंच), मनीष सिन्हा पूर्व सरपंच, गोविंदा ढीढी, संजय लहरे, सुरेंद्र पाटले, सुरेंद्र डहरिया, टिकेंद्र गायकवाड़, बुधकुमार मारकंडे, सूरज टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### मानवता के पुजारी थे गुरु घासीदासः त्रिभुवन

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में संत शिरोमणि घासीदास बाबा की 269वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा पालो चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। सफेद पोषाक में भक्तों द्वारा शोभयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग उपस्थित थे। महिलांग ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ, जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। महिलांग ने आगे कहा कि बाबा गुरु घासीदास केवल एक संत नहीं, बल्कि विश्व के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, ऊंच-नीच और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि -मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज को सही दिशा देने वाला है। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। महिलांग ने ग्राम विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात भी कही। इस दौरान इस दौरान डॉ. सुंदर साहू सरपंच प्रतिनिधि, मन्नू मारकंडे, देव टंडन पूर्व सरपंच, संतोष साहू, रुपेश मारकंडे, संता राम नवरंगे, भूषण मारकंडे, जीवन टंडन, भुवन टंडन, सोहन मारकंडे, रोहित नवरंगे, अशोक मारकंडे सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुशासन दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी नेशनल इंस्पायरेशन अवॉर्ड से सम्मानित हुए पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका ने देश के 25 लोगों को दिया

समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, राष्ट्रीय कार्यक्रमों, स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में निस्वार्थ एवं स्वप्रेरित सेवा देने वाले पर्यावरण विद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेषकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका बेतिया पश्चिम चंपारण बिहार द्वारा ऑन लाइन वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन सुशासन दिवस पर अटल बिहारी बाजपेयी नेशनल इंस्पायरेशन अवार्ड से सम्मानित किया। द ग्रीन भारत टाइम्स पत्रिका के डायरेक्टर डॉ पूजा गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में डॉ पाणिग्राही ने न केवल छत्तीसगढ़ वरन ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली में पौधे लगाकर तथा मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा आयोजित हिंदी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में डॉ पाणिग्राही द्वारा तैयार एक पेड़ मां के नाम का पोस्टर का विमोचन कर देश के 10 प्रदेशों से आए विद्वतजनों के माध्यम से उनके प्रदेशों को भेजा। गौरतलब है कि सुशासन दिवस पर इस कार्यक्रम में समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्र में सराहनीय कर करने वाले देश के 25 लोगों को सम्मानित किया गया।



### सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ

**महासमुंद।** पं.सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शैक्षणिक सत्र जुलाई से दिसंबर 2026 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की प्रारंभ तिथि 01 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक है। उक्त अवधि में स्नातक पाठ्यक्रम में बीए, बीएससी (गणित/जीवविज्ञान), स्नातकोत्तर पाठ्यक्रय में एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एम काम, एमएससी (गणित), एमएससी (कंप्यूटर साईंस) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल गाइडेंस एंड काउंसिलिंग, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा तथा बी लिब एण्ड आईएससी, मास्टर आफ लाईब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस की विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश लिया जा सकता है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाईट में ऑनलाइन प्रवेश कर सकते है। ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग व विद्यार्थी चालान से भुगतान करना चाहता है तो विद्यार्थी पहले चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कर सकते हैं।

# महायज्ञ का आगाज़, 1008 कलशों की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में तथा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित विराट 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं 700 गर्भवती महिलाओं के विशाल गर्भोत्सव कार्यक्रम के निमित्त नगर में भव्य जल कलश शोभायात्रा निकाली गई।

इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रांत प्रमुख सरला कोसरिया विशेष रूप से सम्मिलित हुईं। शोभायात्रा में सरायपाली क्षेत्र की बहनों द्वारा 1008 कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ नगर भ्रमण किया गया। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल नई मंडी से प्रारंभ होकर पुरानी बस्ती सरायपाली, बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। पूरे नगर में जय मां गायत्री के जयघोष से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। इस अवसर पर आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान की प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कल प्रातः देव स्थापना के पश्चात सुबह 11 बजे सरायपाली क्षेत्र की 700 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार, शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु की तरह गर्भ से ही संस्कार देने की प्रेरणा माताओं को दी जाएगी, ताकि वे संस्कारवान, श्रेष्ठ और राष्ट्रनिर्माता संतान को जन्म दें। ऐसे संस्कारों से युक्त पीढ़ी ही देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी उद्देश्य के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी आव्हान किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे आयोजन को अभूतपूर्व सफलता मिली।



### मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में कराओके के माध्यम से गायन प्रशिक्षण

**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कराओके संगीत के माध्यम से गायन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार के सुमधुर गायन से हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बेल्डीह के शिक्षक एवं गायक तुकाराम ठाकुर तथा छात्राध्यापक दीप्ति ठाकुर को बतौर प्रशिक्षक आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान दोनों प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को कराओके के माध्यम से गीतों का चयन, सुरों की पहचान, माइक्रोफोन के सही उपयोग एवं मंच पर प्रस्तुति देने से जुड़े व्यवहारिक टिप्स प्रदान किए। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों में गीत-संगीत के प्रति रुचि विकसित करने तथा कराओके ट्रैक से परिचित कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत गीत-संगीत ट्रेड को चयनित किया गया है। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में संगीत की मूलभूत समझ विकसित हुई है और वे कराओके ट्रैक के माध्यम से आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षक तुकाराम ठाकुर को व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत सुर-संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं कला-संस्कृति में योगदान के लिए शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं तबस्सुम शेख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख हेमंत खुटे द्वारा किया गया।



### मरार समाज की पारिवारिक बैठक हुई

**नर्रा।** स्थानीय ग्राम नर्रा के रामनगर परिहा मरार समाज के पारिवारिक बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें समाज के संस्थापक एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल शामिल हुए। इसके बाद समाज के अराध्य मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना की। समाज प्रमुखजनों का स्वागत गुलाल रोली चंदन किया गया। मां भगवती शाकंभरी देवी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक एवं संयोजक लोचन पटेल ने मां भगवती शाकंभरी देवी के बारे में पुराणों में वर्णित बातों को बताया और उन्होंने ये भी बताया कि अभी शाकंभरी नवरात्र मनाया जा रहा और माता के विभिन्न मंत्रों को जाप कर अपने जीवन को धन्य करने के लिए आग्रह किया। समाज के सभी लोग शाकाहारी हो और 3 जनवरी 2026 को मां भगवती शाकंभरी देवी की अवतरण दिवस को धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। मां शाकंभरी नवरात्र में भथुवा भाजी और लौकी अवश्य अर्पित करें। कार्यक्रम में दुकालू राम पटेल, लोकनाथ पटेल परिहा पंच, चंद्रकार पटेल, चंद्रहास पटेल, जुगेश पटेल, डिगेश पटेल, मिलन पटेल, परस पटेल, आनंद हिरऊ, लच्छन, मानसिंह, लखन पटेल, पंडूराम आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव 2025 का रंगारंग आयोजन, जुटे हजारों दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्रतिभा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में वार्षिक उत्सव 2025 का रंगारंग कार्यक्रम शाला परिसर के विशाल मैदान में स्थापित भव्य पंडाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 5000 दर्शकों की उपस्थिति रही और यह समारोह सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शीर्षक गीता के सूत्र वसुधैव कुटुंबकम् (अर्थात संसार एक परिवार है) पर आधारित था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत की सांस्कृतिक एकता को विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति तथा महान ग्रंथ रामायण एवं महाभारत से प्रेरित दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस सुंदर प्रस्तुति को प्रतिभा बीएड, डीएलएड एवं आईटीआई के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रतिभा स्कूल के कुल 500 विद्यार्थियों ने अपने-अपने समूहों द्वारा मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर अतिथि एवं दर्शक भारतीय जीवन मूल्यों, सामाजिक मर्यादाओं एवं राष्ट्रीय धर्मभाव से अभिभूत हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष निजी विद्यालय समिति छत्तीसगढ़ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 में 10वीं, 12वीं बोर्ड तथा



बीएड, डीएलएड एवं आईटीआई की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों एवं शिक्षकों की नियमित बैठक (पीटीएम) अनिवार्य है ऐसा कहा। कार्यक्रम में शाला प्रशासन समिति के प्राचार्य नरहरि पटनायक, उप-प्राचार्य नासिर खान, सभी विभाग प्रमुख, संचालक समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष विश्वजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, संचालकगण कनक चंद जैन, प्रमोद सेठिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, मुस्ताक हुसैन एवं शाला संचालक डॉ. आभास अग्रवाल उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में बसना प्रतिभा स्कूल समिति की अध्यक्ष डॉ. रीता अग्रवाल, संचालक देवचरण अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, शहर के जनप्रतिनिधि विधायक चातुरी नंद, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं समस्त निजी विद्यालयों के प्राचार्य मय स्टाफ, व्यवसायी, पालकगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में प्रबंधक हामिद खान, सांस्कृतिक प्रमुख दीपिका मोहंती, सुशील महापात्र, अनीता चौधरी, मनीषा बग्गा सहित सभी चालक-परिचालक एवं संस्था में कार्यरत समस्त कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### भावा में मड़ई मेला आज

**पटेवा।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भावा में मड़ई मेला का आयोजन 1 जनवरी 2026 को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रातःकालीन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि देवकी प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य, मंडल मंडल अध्यक्ष दिगेश्वर चंद्राकर, सुनील पटेल, डॉ सोमनाथ सिंह, मनोहर साहू, ओसराम साहू, लोकनाथ पटेल, सलीम साहू, धनराज बनर्जी, नितिन बनर्जी होंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप करेंगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलकान्त साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता सरपंच आशाबाई ठाकुर, विशेष अतिथि लक्ष्मण पटेल, अमर चंद्राकर, मोहित ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, सौरभ लोधी, उमेश साहू, ईश्वर साहू, रोहित पटेल, गजानन साहू होंगे। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ लोक कला मंच राजनांदगांव पूनम तिवारी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में इंदल साहू, सेवाराम साहू, जागेश्वर पटेल, घांसू दीवान, प्यारी पटेल, बेनीराम साहू, तिलक महानंद, वेदू राम यादव, उम्मीद दीवान, हीरामणि पटेल, संतोष, महेश निषाद, प्रेम पटेल आदि जुटे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी अधिवक्ता प्रेम पटेल ने दी है।

**अशोक कुमार चंद्राकर निधन**

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा निवासी अशोक कुमार चंद्राकर (57) का 31 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम बेमचा में किया गया। वे तुलसीराम चंद्राकर के पुत्र, पूजा, विक्की चंद्राकर के पिता, कृष्ण कुमार चंद्राकर के बड़े भाई थे।

# साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

## पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू व पूर्व जिला साहू संघ अध्यक्ष धरमदास साहू हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम 27 दिसंबर को ग्राम सिंघी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरमदास साहू पूर्व जिलाध्यक्ष साहू संघ रहे। प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता ढालूराम साहू नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष साहू संघ, विशिष्ट अतिथि भेखलाल साहू पूर्व अध्यक्ष बागबाहरा साहू संघ, एवन साहू नवनिर्वाचित अध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा आदि थे। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोहर साहू, उपाध्यक्ष चेतन साहू, चमेली साहू, संगठन सचिव रोहित साहू, मीना साहू को तहसील अध्यक्ष एवन साहू ने शपथ दिलाया। पश्चात मनोनीत पदाधिकारी समाज रत्न डा. ज्ञानसिंह साहू, कोमल चंद साहू, नारायण साहू, संरक्षक गोकुल साहू, पुरन लाल साहू, टीकाराम साहू, सचिव रेखराज साहू, कोषाध्यक्ष बेदराम साहू, सहसचिव नेमीचंद साहू, उपाध्यक्ष मनहरण साहू, धिरजा बाई साहू, संगठन सचिव खेमलाल साहू, हीना साहू, अंकेक्षक चुड़ामणी साहू, मक्रध्वज साहू, वरिष्ठ सलाहकार फत्तेलाल साहू, रेवाराम साहू, ननकूराम साहू, चंदन साहू, रमेश्वर साहू, सलाहकार डागाराम साहू, मिलउराम



साहू, बुधराम साहू, भानुप्रताप साहू, राजेंद्र साहू, कार्यकारिणी सदस्य यशवंत साहू, नारायण साहू, बालाराम साहू, फुलसिंग साहू, गुमन साहू, संयुक्त सचिव ओईराम साहू, दीनदयाल साहू, रेवाराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, मोरध्वज साहू, युवा प्रकोष्ठ संरक्षक श्याम देव साहू, भेखराम साहू, शीतल साहू, उपाध्यक्ष सेतराम साहू, सचिव चिंतामणि साहू, सहसचिव मिथलेश साहू, सदस्य नवीन साहू, टुकेश्वर साहू, जगेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लीलावती साहू, उपाध्यक्ष इंद्राणी साहू, उपाध्यक्ष नंदनी साहू, सचिव लुकेश्वरी साहू, सहसचिव यामिनी साहू, सदस्य पदमनी साहू, ललिता साहू, हेमिन साहू, नर्मदा साहू, उत्तरा साहू, विशेष आमंत्रित सदस्य व ग्रामीण अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, पुरनलाल साहू, सेमकुमार साहू, राकेश साहू, लेखराम साहू, पंचम साहू, पुष्कर साहू, बेदराम साहू, लोमस राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, सेवाराम साहू, सीताराम साहू, मोतीराम साहू, छन्नू लाल साहू, दीपक साहू, रामलाल साहू, राजाराम साहू ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों सहित साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र के समाज रत्न डा. ज्ञानसिंह साहू, कोमलचंद्र साहू, नारायण साहू, मनभा बाई साहू, देवकी साहू का शाल श्रीफल व मोमेंटो से सम्मान किया गया। साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोहर साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 19 वां नंबर का अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शपथ ग्रहण में सभी समाजजनों ने उपस्थित होकर हमारा उत्साह वर्धन किया। संचालन रेखराज साहू व चेतन साहू ने किया।

# रकबा सुधार पोर्टल बंद होने से किसानों की बढ़ी मुश्किलें, जनपद उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से की पोर्टल ओपन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों को धान विक्रय की प्रक्रिया में रकबा सुधार को लेकर किसानों को आ रही गंभीर समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

हुलसी ने बताया कि वर्तमान में रकबा सुधार (डीसीएस) पोर्टल बंद होने के कारण जिले के लगभग 30 प्रतिशत किसानों का रकबा सुधार कार्य अधर में लटका हुआ



है, जिसका सीधा असर धान खरीदी पर पड़ रहा है।

पोर्टल बंद होने की वजह से प्रभावित किसानों के टोकन नहीं कट पा रहे हैं, जिसके कारण किसान अपनी उपज बेचने के लिए भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी झेल रहे हैं। अन्नदाता प्रतिदिन तहसील कार्यालय और पटवारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। चंद्राकर ने प्रशासन से आग्रह किया कि किसानों के हित में रकबा सुधार पोर्टल को तत्काल पुनः खोला जाए। ताकि, वंचित किसानों का कार्य पूर्ण हो सके और वे सुचारू रूप से अपना धान बेच सकें।

# गुड़ेलाभाठा में कबड्डी स्पर्धा का निखिल ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम गुड़ेलाभाठा (झलप) में आयोजित महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने ग्राम देवताओं की पूजा कर स्पर्धा का शुभारंभ किया। नपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता मिट्टी से जुड़ी खेल है। इससे मन-मस्तिष्क के साथ शरीर स्वस्थ व फिट रहता है। गुड़ेलाभाठा के युवा स्पोर्ट्स टीम के सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं। गाँव में खेल स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां के युवाओं द्वारा हमेशा कराया जाता है, जिससे गाँव की एकता सहज ही



प्रदर्शित हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रत्नेश साहू, सौरभ लोधी अध्यक्ष युवा कांग्रेस महासमुंद विधान सभा क्षेत्र, रफीक खान, पंच गण एमिन रात्रे, सविता ठाकुर, आशा ठाकुर, हेमलता ठाकुर, चंपा ठाकुर सहित आयोजन समिति के दुर्गेश ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, तिलक ठाकुर, त्रिलोक ठाकुर, युवराज ठाकुर, खेमराज बघेल, आत्माराम बघेल, सुखीराम ठाकुर, गिरवर सिंह ठाकुर, गंगा राम ठाकुर, रवि ठाकुर, दिनेश्वर ठाकुर, किशोर ठाकुर, रोशन ठाकुर, कलेश ठाकुर व ग्रामीण सहित खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सत्याग्रही किसानों ने की कलेक्टर कार्यालय में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा सत्याग्रही किसानों का प्रतिनिधिमंडल 30 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय महासमुंद के जनदर्शन में पहुंचे। जहां किसानों ने 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ महतारी को बंदी बनाने के विरोध में करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड के सत्याग्रही किसानों ने दंडाधिकारी जांच की मांग की। साथ ही राजधानी रायपुर के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में 12 फीट ऊंची प्रतिमा लगी है। सत्याग्रही किसानों ने छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो फ्रेम भेंटकर कलेक्टोरेट प्रांगण में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की मांग की। किसानों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई के साथ खैरागढ़, तमनार का उदाहरण देते हुए अवैध करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड के समस्त अवैधानिक कार्य को संरक्षण देने व कार्रवाई नहीं होने पर किसानों द्वारा बड़ा निर्णय लेने की बात कहीं। करोड़ों रुपए की शासकीय सम्पत्ति, आदिवासी किसानों की भूमि, काबिल कास्त भूमि, नेशनल हाइवे की भूमि, सिंचाई विभाग के नहर नाली भूमि, वन भूमि को आर्थिक भ्रष्टाचार कर कब्जा कराया है।

# राष्ट्रीय पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में 63 छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक महासमुंद अध्याय द्वारा जीवन दायिनी वृक्ष विषय पर स्कूली बच्चों के लिए स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में 30 दिसम्बर मंगलवार को राष्ट्रीय पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर स्थित 7 विद्यालयों के 63 विद्यार्थियों ने पूरे जोश एवं उत्साह पूर्वक भाग लिया और जीवनदायिनी पेड़-पौधों के संरक्षण के प्रति अपनी गहरी रुचियों को आकर्षक रंगीन चित्रों के माध्यम से केनवास पर उकेरा एवं निबंध लेखन के माध्यम से अपने प्रकृति प्रेम को अभिव्यक्त किया। विरासत, शिक्षा एवं संचार सेवायें प्रभाग इंटैक नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर इस आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कला-साहित्य के मर्मज्ञ एवं इंटैक के राज्य संयोजक अरविन्द मिश्र थे।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक आपदा कोविड-19 के दौरान वृक्षों के महत्व को लोग पूरी संजीदगी से समझ गये हैं। यहां उपस्थित सभी बच्चे अपने पूर्वजों की स्मृति में पेड़ अवश्य लगाएं। आज इन बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं निबंध लेख जीवनदायिनी वृक्ष के प्रति संवेदनशील होने समाज को एक अच्छा संदेश दे जाएंगे। विशेष अतिथि इंटैक के सक्रिय सदस्य सुनील बघेल एवं सरस्वती शिशु मंदिर उमावि के प्राचार्य देवराज वर्मा ने भी संबोधित किया। इस राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में वृंदावन विद्यालय की शिक्षिका संध्या सोना के प्रभार में 10 विद्यार्थी, महर्षि विद्या मंदिर के शिक्षक सुभाष चंद्र पांडेय के प्रभार में 9, श्याम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अभिषेक बघेल के प्रभार में 10, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उमावि की शिक्षिका श्वेता दुबे के प्रभार में 10, देव संस्कृति विद्यालय के शिक्षक लोकेश्वर चंद्राकर के प्रभार में 7, शिशु संस्कार केंद्र की शिक्षिका नम्रता कन्नौजे के प्रभार में 9 एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका ध्रुव एवं भोजेश्वरी ठाकुर के प्रभार में 8 विद्यार्थी शामिल हुए। इनके द्वारा बनाए सभी पोस्टर एवं निबंध लेख दिल्ली भेजे जाएंगे। जिनका मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली स्थित केंद्रीय मुख्यालय में होगा। जिसमें 100 क्षेत्रीय विजेता और 10 राष्ट्रीय विजेता चुने जाएंगे।



**खबर संक्षेप**

### अछोला में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू ने नशे के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प। बाबा घासीदास की जयंती के अवसर पर नशे से दूर रहें, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें। बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। साथ ही अंधविश्वास, भेदभाव व जातिवाद के खिलाफ सभी मानव को जागरूक रहने व सत्य की मार्ग पर चलने की बात दोहराई।

### तीर्थयात्रा योजना का अनुचित लाभ लेने वाली शिक्षिका को बर्खास्त करने की मांग

**महासमुंद।** शासकीय शिक्षक होते हुए भी झूठे घोषणापत्र भरकर तथा शासन से धोखाधड़ी कर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना का अनुचित लाभ लेने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेमचा महासमुंद में पदस्थ किरण पटेल को बर्खास्त कर उनके विरूद्ध एफआईआर करने की मांग मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन नवा रायपुर, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, कलेक्टर महासमुंद तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर छग नागरिक कल्याण समिति के सदस्य व पूर्व पार्षद पंकज साहू ने की है। उन्होंने सूचना के अधिकार से प्राप्त किरण पटेल द्वारा यात्रा के लिए गए आवेदन पत्र, घोषणा पत्र एवं सूची की सत्यापित प्रति की छायाप्रति भी साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया है।

### सेवती निषाद का निधन



**नर्रा।** ग्राम कारागुला निवासी सेवती बाई निषाद (39) का आकस्मिक निधन 27 दिसंबर शनिवार को हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाज व नागरिक बड़ी संख्या में जुटे। वे भोलाराम निषाद शिक्षक की धर्मपत्नी थीं।

# शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल, वर्ष के अंतिम दिनों में ठंड ढा रहा सितम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- आगामी दिनों में भी जारी रहेगा ठंडी का दौर, ठंड बनी चुनौती

शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण व वनांचल इलाकों तक लगातार बढ़ रही ठंडी लोगों पर भारी पड़ती जा रही है। ठंड के साथ अब शीतलहर का असर भी बढ़ने लगा है, जिससे आमजन की परेशानियां और अधिक बढ़ गई हैं। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में क्षेत्र भर में कड़ाके की ठंड का कहर साफ तौर पर देखा जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। मंगलवार की अलसुबह इतना घना कोहरा छाया रहा, जो दूर तक के वाहन नजर नहीं आ रहे थे। रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस सुबह तक जमीन पर जमी हुई दिखाई दे रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इलाके में तापमान कितना नीचे चला गया है। ऐसे हालात में ही ग्रामीणों, वनवासियों के साथ पशु-पक्षियों के लिए भी ठंड बड़ी चुनौती है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा शहरी और



मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर कम नहीं हुआ है। सूर्योदय से पहले और शाम को सूर्यास्त के बाद कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। घना कोहरा और ठंडी हवाएं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। सुबह के समय लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी ठंड से बचाव के लिए अलाव के इंतजाम नगर पालिका द्वारा किया जाना चाहिए।

**कड़ाके की ठंड का सेहत पर भी असर**

कड़ाके की ठंड का असर लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। अत्यधिक ठंड के कारण सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द तथा हाथ-पैरों में दर्द जैसी शिकायतों में इजाफा हुआ है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ठंड से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों को संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्म कपड़े पहनें, ठंडे पानी और ठंडी हवा से बचें, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें तथा जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## निरीक्षण : भ्रमण के दौरान जिपं उपाध्यक्ष ने लिया कार्यों जायजा

# 'जीरामजी अधिनियम से ग्रामीण रोजगार को मिला नया संबल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा एवं जिला पंचायत महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमखोज के आश्रित ग्राम कमारपारा (जोरातराई) में क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (वीबी जीरामजी) के अंतर्गत संचालित कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि हाल ही में संसद द्वारा पारित वीबीजी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण भारत के लिए एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अधिनियम के तहत रोजगार गारंटी की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण एवं मेहनतकश परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि नए अधिनियम में राज्य सरकार को बुवाई एवं कटाई जैसी प्रमुख कृषि गतिविधियों के लिए कुल 60 दिनों की अवधि निर्धारित करने का प्रावधान किया गया है। इस अवधि में योजना के अंतर्गत कार्य नहीं होंगे, ताकि किसान बिना किसी बाधा के कृषि कार्य संपन्न कर सकें। साथ ही अधिनियम में प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे ग्राम रोजगार सहायक, फील्ड असिस्टेंट एवं तकनीकी सहायकों की सेवाएं सुरक्षित होंगी तथा उनके क्षमता विकास को भी बल मिलेगा। इससे योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी होगा।



निरीक्षण के दौरान ग्राम कमारपारा (जोरातराई) में उपस्थित हितग्राहियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जल सुरक्षा एवं संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। ये सभी कार्य ग्रामीण विकास, सशक्तिकरण एवं स्थायी आजीविका का मजबूत आधार तैयार करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम के प्रमुख हितग्राही पूरन सबर, महेंद्र ध्रुव, लेखराज साहू, उमेश ध्रुव, रोशन साहू, खेमराज सांवरा, नरोत्तम पटेल, हरा पटेल, परदेसी सांवरा, प्रकाश पटेल, गिरिजा बाई साहू, हेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग आम जनता से सौतेला व्यवहार कर पूंजीपतियों और सरकारी विभागों को छूट दे रही : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार का नैतिक दायित्व होता है कि सरकार उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क की स्थिति प्रदेश की जनता को मालूम है। लेकिन, सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में यह सरकार स्मार्ट मीटर (प्रीपेड मीटर) के माध्यम से बिजली काट रही है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सरकार जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। क्योंकि, पूंजीपतियों व सरकारी विभाग के बकाया बिल करोड़ो में होने के बावजूद उन्हें बिजली आपूर्ति में कोई तकलीफ नहीं है, लेकिन आम जनता के कनेक्शन काटे जा रहे है। बिजली विभाग और सरकार की सालों से चल रहे आपातकालीन एवं नए कनेक्शन जैसे कार्यों के निविदा प्रक्रिया को अचानक से बदलकर अव्यवहारिक और जटिल नियमों के साथ-साथ निविदा की दर खुद ही तय कर रही है +5 से -5 तक जिन प्रकृति के कार्यों में ऑनलाइन निविदा में -25 से -30 तक के दर पर काम लिए जाते थे, उन्हें -5 तक सीमित कर सालों का काम गिनती के ठेकेदारों को दिया जा रहा है, जिससे स्पष्ट है कि बिजली विभाग अपना बड़ा नुकसान कर ठेकेदारों को फायदा पहुंचा रही है। वही 5767 पूंजीपतियों से 119 करोड़ का बकाया बिल वसूल नहीं कर पा रही है। 34 सरकारी विभागों पर 31 सौ करोड़ का सालों से बकाया बिल वसूल नहीं कर पा रही है। लेकिन, गरीब जनता के कुछ सैकड़ों के बकाया बिल के करण पूर्व की तरह समय ना देते हुए उनके कनेक्शन काट उन्हें अंधेरे में रहने को विवश कर रही है। बिजली विभाग और साय सरकार का यह कार्य यह स्पष्ट दर्शाता है कि साय सरकार गरीब, किसान, मज़दूर विरोधी हो चुकी है उनके ऊर्जा मंत्रालय के बड़े अफसरों पर उनका कोई जोर नहीं चल



रहा है या यह उन्हीं का फरमान है बिजली कंपनी एक तरफ अपने आप को घाटे में बता कर पूर्व से चल रहे जनता को दिए जाने वाले सब्सिडी को खत्म कर रही है। वही 5767 पूंजीपतियों से 119 करोड़ का बकाया बिल और 34 सरकारी विभागों पर 31 सौ करोड़ का सालों से बकाया बिल वसूल ना कर साबित कर रही है कि घाटे के लिए वो खुद जिम्मेदार है और अपनी लापरवाही के लिए जनता पर महंगी बिजली का गाज गिरा रही है व जनता के बिजली कनेक्शन काट रही है, जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। झाबक ने आगे कहा है कि पूंजीपतियों व सरकारी विभाग जब तक अपना बकाया बिजली बिल नहीं भर देते तब तक सरकार को कोई अधिकार नहीं है। नैतिकता के आधार पर भी उन्हें ये समझदारी होनी चाहिए कि वे जनता के बिजली कनेक्शन न काटे अगर जल्द इस जन विरोधी फैसले और ठेकेदार को फायदा, विभाग को नुकसान वाले टेंडर को वापस नहीं लिया गया तो आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेंगी।



## नपाध्यक्ष ने किया राशन दुकान का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 17 स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राशन वितरण व्यवस्था, स्टॉक की उपलब्धता, पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण तथा दुकान की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। पालिका अध्यक्ष ने पात्र हितग्राहियों का तत्काल केवायसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई पात्र हितग्राहियों के कार्ड में जुड़े सदस्यों का नाम कटने तथा केवायसी के अभाव में राशन कम मिलने की शिकायतें मिल रही है। ऐसे में राशन दुकान में बुलाकर उनकी केवायसी तत्काल करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# आप के प्रदेश उपाध्यक्ष बने भूपेंद्र तीन जिलों के प्रभारी भी नियुक्त

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर को पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। चंद्राकर ने कहा है कि पार्टी की नीयत साफ है। यहां की जनता भी आम आदमी पार्टी को लेकर काफी उत्साहित है। पूर्व के भ्रष्टाचार से लिप्त कांग्रेस सरकार के कार्यकाल एवं वर्तमान के रिमोट से संचालित साय सरकार को जनता देख रही है। उन्होंने आगे



कहा कि आम आदमी पार्टी की गतिविधियां अब साफतौर पर आम लोगों के साथ जुड़ेंगी और पदाधिकारी तन मन धन से आम लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। चंद्राकर के प्रदेश उपाध्यक्ष और जोन प्रभारी बनने पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण यादव, महासमुंद लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, जोन सहप्रभारी रुद्रसेन सिन्हा, प्रदेश सह सचिव संजय यादव, प्रदेश सह सचिव सियाराम ठाकुर, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, गरियाबंद जिलाध्यक्ष चमन यादव, धमतरी जिलाध्यक्ष विनोद सचदेवा, यूथ विंग जिलाध्यक्ष खिरोद पटेल, मधु यादव, नीलम ध्रुव, मेघा चंद्राकर, मीनाक्षी ठाकुर, कैलाश जैन, सेवाराम साहू, कोमल खुसरो, इमरान खान, मुरारी प्रधान, भूषण सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है।



### दिव्यांग बच्चों के पालकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** बीआरसी भवन में दिव्यांग बच्चों के पालकों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत भारत शासन की महत्वाकांक्षी योजना समावेशी शिक्षा के तहत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाधारहित, सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षिक वातावरण तैयार कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। एपीसी संपा बोस ने अपने संबोधन में कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बिना किसी भेदभाव के विद्यालयी परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मूल अधिकार है, अतः दिव्यांग बच्चों को संवैधानिक प्रतिबद्धता के तहत समान अवसर मिलना अनिवार्य है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों से व्यवहार की विधियां, चिन्हांकन चेकलिस्ट, दिव्यांगता के प्रकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016, तथा शैक्षिक प्रशासकों और पालकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। एपीसी सुबोध तिवारी ने कहा कि पालकों एवं समाज को दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। दिव्यांगता विकास में बाधा नहीं है, बल्कि ऐसे बच्चों में विशेष प्रतिभाएँ होती हैं। आज अनेक दिव्यांगजन विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट पदों पर कार्यरत हैं। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मास्टर ट्रेनर बीआरपी रंभा जायसवाल एवं स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू द्वारा शासन से मान्यता प्राप्त 21 प्रकार की दिव्यांगताओं जैसे पूर्ण दृष्टिहीनता, अल्प दृष्टिबाधित, श्रवण एवं मूक बाधित, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, स्वलीनता, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, अस्थिबाधित, सिकल सेल, मानसिक बीमारी, बहुविकलांगता आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा आवश्यकता आधारित शैक्षिक सुविधाओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण की सफलता में लेखापाल रेणु चंद्राकर, बीआरपी अनीता निर्मलकर, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का सराहनीय योगदान रहा। उक्त जानकारी जागेश्वर सिन्हा ने महासमुंद ने दी है।

## किसानों से धान खरीद पाने में असफल रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- 21 दिन में किसानों से 7.63 लाख एमटी धान की कैसे होगी खरीदी

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ सीजन 2025-26 में किसानों से धान खरीद पाने में भाजपा सरकार पूरी तरह असफल रहा।

सरकार के लचर खरीदी व्यवस्था के चलते जिले के पंजीकृत किसान धान बेचने से वंचित होने के कगार पर पहुंच गए हैं। टोकन नहीं कटने, एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की समस्या से जूझ रहे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए वर्तमान में भारी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार जानबूझकर किसानों को धान बेचने से वंचित करने तरह-तरह के परेशानिया उत्पन्न कर रही है। अब सोसायटियों में बफर लिमिट पार होने के कारण धान रखने के लिए जगह की कमी हो रही है। ऐसे में सोसायटी में खरीदी बंद होने की नौबत आ जाएगी

# बम्हनी में सुगमतापूर्वक हो रही धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- धान खरीदी केंद्र पर कुल 14 किसानों ने अपनी उपज बेची

राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सहित जिले में धान खरीदी का महाअभियान पारदर्शिता के साथ जोरों पर चल रहा है। जिला लगातार प्रदेश में पहले स्थान पर बना हुआ है। इसी क्रम में जिले के बम्हनी गांव स्थित धान खरीदी केंद्र पर कुल 14 किसानों ने अपनी उपज बेची। केंद्र पर एक दिन में कुल 741 क्विंटल धान की खरीदी हुई।







किसानों ने अपनी मेहनत की फसल समर्थन मूल्य पर बेचकर खुशी जाहिर की। बम्हनी धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए ग्राम बम्हनी के किसान राजू यादव ने बताया कि उन्होंने 93.20 क्विंटल धान का विक्रय किया है। उन्हें धान बेचने में किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी व्यवस्था हर किसान को राहत दे रही हैं। उन्होंने इसके लिए राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार मांघेलाल साहू ने बताया कि उन्होंने मात्र 2 एकड़ भूमि पर खेती कर 47.20 क्विंटल धान बेचा। वहीं बम्हनी ग्राम के गजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने 11.20 क्विंटल धान का आसानी से विक्रय कर पाएं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में हमाल उपलब्ध है, जिससे धान तौल एवं उठाव समय पर होने से कोई समस्या नहीं हुई। बम्हनी केंद्र के ये आंकड़े स्थानीय किसानों की लगन, बेहतर फसल प्रबंधन और अच्छी पैदावार का प्रमाण हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी सुचारु रूप से जारी है। किसानों को टोकन जारी करने, तुलाई और भुगतान में किसी भी तरह की देरी न हो, इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं, जिसके चलते किसान बिना किसी परेशानी के अपनी फसल का उचित मूल्य प्राप्त कर पा रहे हैं।

# समस्याओं का समाधान देने वाला ही अध्यापक है : कोकड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोकड़ी सरकारी स्कूल में हड़ताल का कोई असर नहीं पड़ा। कोकड़ी सरकारी स्कूल के दोनों शिक्षक नियमित विद्यालय आ रहे हैं। मोदी की गारंटी पर हड़ताल करने वाले शिक्षकों के संबंध में पूछताछ करने पर कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि गुरुजी समस्त समस्याओं का समाधान देने वाले होते हैं, हड़ताल कर बच्चों के साथ अन्याय करने वाले नहीं। वेतनभोगी शिक्षक दिन रात वेतन बढ़ाने के उपाय सोचते रहते हैं। ये भूल जाते हैं, जो रोटी खाते हैं, जिस घर में रहते हैं, जो मोबाईल चलाते हैं, जो कार में घूमते हैं, जो कपड़े पहनते हैं, वो इन्हीं बच्चों को पढ़ाने के नाम पर मिलता है और हड़ताल के नाम पर वेतन बढ़ाने के नाम पर स्कूल बंद करके इन्हीं बच्चों का अहित करते हैं। शाला प्रबंधन विकास समिति कोकड़ी ने बताया कि उनके विद्यालय के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया के रास्ते पर स्कूल के सारे कर्मचारी चलते हैं, एक और शिक्षक और स्वीपर और रसोईया भी, वो भी हड़ताल, रैली में शामिल नहीं होते। बच्चों के साथ अन्याय नहीं करते। हड़ताल करने वाले शिक्षकों को बीच का रास्ता निकालना



चाहिए, बिना स्कूल बंद किए बच्चों को कोई हानि पहुंचाये बगैर सरकार से संवाद करना चाहिए। हड़ताल ही करना है तो स्कूल समय के बाद करें या छुट्टी के दिनों में करें, शीतकालीन छुट्टियों में हड़ताल क्यों नहीं किए। सभी गांव वालों को ऐसे हड़ताली शिक्षकों को स्कूल से बाहर करना चाहिए। अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाएंगे और गरीबों के जो बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं उनका नुकसान करेंगे, ये अनुचित है। कोकड़िया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग किया है कि शिक्षा को अनिवार्य सेवा में शामिल कर संसद में कानून बनाएं कि शिक्षक हड़ताल नहीं कर सकते, क्योंकि शिक्षक सिर्फ एक पेशा या नौकरी नहीं, अपितु समाज सेवा का काम है। बच्चों को संस्कारवान बनाने का जिम्मेदारी का काम है, शिक्षकीय पेशा में हड़ताल, रैली, धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ये देश के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। विकसित भारत, विकसित संसार बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम है,जिन शिक्षकों में सेवा भाव नहीं है, सिर्फ वेतन बढ़ाना ही एकमात्र लक्ष्य है, ऐसे शिक्षक देश और समाज के लिए खतरा हैं, शिक्षक वह है,जो शिष्टता पूर्ण दृष्टि बच्चों में विकसित करे, स्वयं में विश्वास से सम्पन्न, प्रतिभा और व्यक्तित्व में संतुलित, श्रेष्ठता का सम्मान करने वाले, व्यवहार में सामाजिक, व्यवसाय में स्वावलंबी व्यक्तित्व वाले ही शिक्षक हैं, गुरु का जीवन प्रमाणिकता पूर्वक ही सफल है। असली गुरु दक्षिणा भी वही है, जब शिष्य भी गुरु बन जाएं।